उ0 प्र0 राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण

UPSIDA

यूपीएसआईडीसी काम्पलेक्स
A-1/4, लखनपुर,
पोस्ट बाक्स नं. 1050
कानपुर – 208024
दूरभाष : 2582851–53(PBX)
वेबसाइट : www.upsidc.com
ई.मेल : md@upsidc.com

संदर्भ सं0 /यूपीसीडा/आई0ए0/ दिनांक /07/2021

कार्यालय आदेश

प्राधिकरण के संचालक मण्डल की दिनॉक 22.06.2021 को सम्पन्न 38वीं बैठक में लिए गए निर्णय के कम में प्राधिकरण के समस्त अधिसूचित औद्योगिक विकास क्षेत्रों में औद्योगिक/व्यवसायिक/एकल आवासीय/ग्रुप हाउसिंग/संस्थागत/फैसिलिटी आदि समस्त भू–उपयोगों हेतु आरक्षित भूखण्डों के आवंटन, हस्तान्तरण, समय विस्तारण, पुनर्जीवीकरण आदि सेवाओं में आवंटियों/हस्तान्तरियों द्वारा देय धनराशि जिनमें प्राधिकरण के नियमानुसार ब्याज भारित किया जाता है, में ब्याज की दरों से संबंधित पूर्व में निर्गत समस्त आदेशों को अवकमित करते हुए निम्नवत् पुनर्निर्धारित किया जाता है :–

1. प्राधिकरण के समस्त देयों हेतु दिनॉक 01.07.2021 के पश्चात उद्यमियों द्वारा देय धनराशि पर ब्याज की दर 8.5 प्रतिशत होगी। यह दर दिनॉक 30.06.2022 तक प्रभावी होगी।

2. आवंटियों/हस्तान्तरियों द्वारा समय से देयों का भुगतान न करने पर डिफाल्ट धनराशि पर डिफाल्ट अवधि हेतु दण्ड ब्याज की दर 3 प्रतिशत (प्रत्येक छःमाह की कम्पाउण्डिग सहित) होगी। दण्ड ब्याज की धनराशि आवंटी/हस्तान्तरी द्वारा देय ब्याज की धनराशि के अतिरिक्त देय होगी।

3. प्राधिकरण के पूर्व से आवंटित/हस्तान्तरित भूखण्डों पर निर्गत आवंटन पत्र/हस्तान्तरण पत्र एवं निष्पादित पट्टा–विलेख में यदि ब्याज की दरें अंकित हो तो तद्नुसार प्रभावी होगी अन्यथा उपरोक्त दरें लागू होगी।

यह कार्यालय आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा तथा कार्यालय आदेश निर्गत होने की तिथि से पूर्व निस्तारित समस्त प्रकरणों में उक्त दरें प्रभावी नहीं होगीं।

(मयूर माहेश्वरी)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

संदर्भ सं0 732-39/यूपीसीडा/आई0ए0/पालसी–वाल्यूम–17 दिनांक 07/07/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव–मा0 अध्यक्ष, यूपीसीडा, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव–मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा, मुख्यालय, कानपुर।
3. अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (आर/एन), यूपीसीडा, मुख्यालय, कानपुर।
4. समस्त अनुभागाध्यक्ष, यूपीसीडा, मुख्यालय, कानपुर।
5. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक/परियोजना अधिकारी/वरिष्ठ प्रबन्धक–सिविल/विद्युत, यूपीसीडा
6. समस्त अधिकारी/कर्मचारी, औ0क्षे0 अनुभाग, मुख्यालय, यूपीसीडा, कानपुर।
7. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, यूपीसीडा, मुख्यालय, कानपुर को प्राधिकरण की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के निर्देश के साथ।
8. गार्ड फाईल

(मयूर माहेश्वरी)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

Ms. Ankita